# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 11 अप्रैल 2025



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




GK SEARCH ENGINE

Praveen Kumar Sharma



GK Search Engine

# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

**Yesterday, Quiz:**

## Q. राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला 2025 का आयोजन 9 मई से 18 मई तक कहां किया जाएगा?

(a) उदयपुर
(b) जयपुर
(c) जोधपुर
(d) इनमें से कोई नही

- इस वर्ष राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला 2025 का आयोजन 9 मई से 18 मई तक जयपुर में किया जाएगा।
- इस वार्षिक मेले में विभिन्न सहकारी संस्थाएं भाग लेकर अपने उत्पादों की बिक्री और योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाएंगी।
- इस मेले का आयोजन स्व-वित्त पोषण के आधार पर किया जाता है।
- इस आयोजन का उद्देश्य सहकारी संगठनों के उत्पादों को बढ़ावा देना और सहकारिता के विचार को सशक्त करना है।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

01.हाल ही में राजस्थान में फैटी लिवर रोग की रोकथाम और इलाज के लिए मिशन लिवर स्माइल कार्यक्रम कब शुरू किया गया है

(A) 4 अप्रैल

(B) 7 अप्रैल

(C) 5 अप्रैल

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 7 अप्रैल को मिशन लिवर स्माइल  कार्यक्रम फैटी लिवर रोग की रोकथाम और इलाज के लिए शुरू किया गया है।

प्रदेश के समस्त 61 जिला चिकित्सालय में प्रारंभ होगी मिशन लिवर स्माइल क्लिनिक

♦राजस्थान देश का पहला राज्य है, जहां पर 'मिशन लिवर स्माइल' क्लीनिक खोले जा रहे हैं।  इसके तहत अस्पतालों में लिवर से संबंधित जांच, उपाय और बीमारी से बचने की सलाह दी जाएगी।

♦ वहीं किसी गंभीर बीमारी की स्थिति में मिशन लिवर स्माइल के तहत मरीजों को इलाज भी मुहैया कराया जाएगा।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**02.राजस्थान में 18 से 20 अप्रैल 2025 को एसएमसी समिट 2.0 कहां आयोजित किया जाएगा?**

(a) अजमेर

(b) उदयपुर

(c) जयपुर

(d) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

♦राजस्थान में 18 से 20 अप्रैल 2025 को एसएमसी समिट 2.0 आयोजित किया जाएगा. यह आयोजन राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर होगा

♦इस फेस्ट में देश के अग्रणी शैक्षणिक संस्थान हिस्सा लेंगे

♦यह तीन दिवसीय फेस्टिवल स्टूडेंट्स को प्रेरणादायक सेशन्स, कॉम्पिटिशन, नेटवर्किंग और करियर से जुड़ी संभावनाओं के माध्यम से सशक्त बनाने का उद्देश्य रखता है.

**03. भाखड़ा सिंचाई परियोजना के अंतर्गत नहरों के जीर्णोद्धार के लिए राज्य सरकार ने कितने करोड़ रुपए का प्रावधान किया है?**

(A) 225 करोड़ रुपए

(B) 125 करोड़ रुपए

(C) 356 करोड़ रुपए

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine

**Important Facts:**

♦राजस्थान की भजनलाल सरकार भाखड़ा सिंचाई परियोजना का जीर्णोद्धार करवाएगी

♦ भाखड़ा सिंचाई परियोजना के अंतर्गत नहरों के जीर्णोद्धार के लिए राज्य सरकार ने 225 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है,

♦भाखड़ा सिंचाई परियोजना के अंतर्गत नहरों के जीर्णोद्धार से हनुमानगढ़ जिले की संगरिया, टिब्बी, हनुमानगढ़, पीलीबंगा और श्रीगंगानगर जिले की सादुलशहर तहसील के किसान लाभान्वित होंगे|

04. राजस्थान में राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक और बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक का विलय कर बनाया जाएगा?

(a) राजस्थान क्षेत्रीय बैंक

(b) राजस्थान मरूधरा बैंक

(c) राजस्थान ग्रामीण बैंक

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

✅ राजस्थान में राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक और बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक का विलय कर राजस्थान ग्रामीण बैंक बनाया जाएगा,

♦राजस्थान ग्रामीण बैंक जिसका हेडऑफिस जयपुर में होगा और इसे स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्पॉन्सर करेगा

♦यह कदम वित्त मंत्रालय की "एक राज्य, एक आरआरबी" नीति के तहत उठाया गया है

♦क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (RRBs) के विलय की घोषणा की है, जो 1 मई 2025 से प्रभावी होगी.

05. बच्चे दो ही अच्छे' के संदेश को अपनाते हुए राजस्थान का कौनसा जिला प्रदेश में परिवार कल्याण के क्षेत्र में शीर्ष पर है

(a) श्रीगंगानगर

(b) अलवर

(c) हनुमानगढ़

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

➥परिवार कल्याण में हनुमानगढ़ प्रदेश में अव्वल

‘बच्चे दो ही अच्छे’ के संदेश को अपनाते हुए हनुमानगढ़ जिला प्रदेश में परिवार कल्याण के क्षेत्र में शीर्ष पर है।

♦जिले में दो बच्चों के बाद नसबंदी करवाने वालों की संख्या सबसे अधिक रही, लक्ष्य का 121% अर्जन किया गया।

♦झालावाड़ (118.7%) दूसरे और बारां (112.2%) तीसरे स्थान पर रहे।

♦प्रदेश स्तर पर कुल 1,83,515 के लक्ष्य के मुकाबले 1,11,927 नसबंदी हुई, जो लक्ष्य का 61% है।।

06. राजस्थान में कितने पुराने और अप्रचलित कानूनों को समाप्त करने हेतु राजस्थान विधियां निरसन विधेयक, 2025 पारित किया गया

(a) 27

(b) 45

(c) 37

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦राजस्थान विधानसभा में 24 मार्च को 'राजस्थान विधियां निरसन विधेयक, 2025' पारित किया गया.

♦इस विधेयक के तहत राज्य में लागू 45 पुराने और अप्रचलित कानूनों को समाप्त कर दिया गया है.

♦इस बिल में पुराने 45 कानून खत्म करने का प्रावधान है. इनमें 37 कानून तो पंचायती राज से जुड़े हैं. जिनका अब कोई उपयोग नहीं रह गया था.

♦सरकार का कहना है कि इन कानूनों के निरस्त होने से प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाया जा सकेगा.

**07.राजस्थान से किसे लोकसभा की याचिका समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है?**

(A) दुष्यंत सिंह

(B) ओम माथुर

(C) सीपी जोशी

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine
SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

➡चित्तौड़गढ़ के सांसद और राजस्थान भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी को लोकसभा की याचिका समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

♦15 सदस्यीय लोकसभा याचिका समिति की अध्यक्षता सांसद जोशी करेंगे, जिसमें 14 अन्य सांसद सदस्य के रूप में नियुक्त किए गए हैं।

♦लोकसभा की याचिका समिति याचिकाओं के माध्यम से प्रस्तुत जन शिकायतों के निवारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

08.राजस्थान में ग्राम पंचायत स्तर पर सार्वजनिक पुस्तकालय खोले जाएंगे, इस योजना की शुरुआत किस जिले से होगी?

(a) भरतपुर

(b) जोधपुर

(c) उपर्युक्त दोनों

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦राजस्थान सरकार ने ग्रामीण शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक नई पहल की है. अब ग्राम पंचायत स्तर पर सार्वजनिक पुस्तकालय खोले जाएंगे. इस योजना की शुरुआत भरतपुर और जोधपुर जिलों से होगी.

♦राजा राममोहन राय पुस्तकालय प्रतिष्ठान (कोलकाता) द्वारा दी जा रही सहायता के तहत प्रदेश में ग्राम पंचायत स्तर पर सार्वजनिक पुस्तकालयों की स्थापना की जाएगी.

♦प्रथम चरण में भरतपुर और जोधपुर जिलों में 50-50 ग्राम पंचायत पुस्तकालय खोले जाएंगे

♦इन पुस्तकालयों में 20 विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था होगी


09. विश्व होम्योपैथी दिवस किसकी जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है?

(a) डॉ. विलियम ओस्लर

(b) डॉ. सैमुअल हैनीमैन

(c) डॉ. एडवर्ड जेनर

(d) डॉ. हॉरेस डॉबिन्स



**Important Facts:**

➥विश्व होम्योपैथी दिवस 2025 हर साल 10 अप्रैल को होम्योपैथी के संस्थापक डॉ. सैमुअल हैनीमैन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है.

♦इस दिवस का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा में होम्योपैथी की भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाना और अधिक लोगों को इसके लाभों के बारे में जानने के लिए प्रोत्साहित करना है.

♦10 अप्रैल को मनाया जाने वाला यह दिवस स्वास्थ्य सेवा में डॉ. सैमुअल हैनीमैन के योगदान का सम्मान करता है और उनकी जयंती को चिह्नित करता है.

10. भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने रेपो दर को कितने प्रतिशत पर निर्धारित किया है?

(a) 6.25%

(b) 6.0%

(c) 6.5%

(d) 5.75%

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

➥ भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने वैश्विक स्तर पर जारी व्यापार युद्धों और बढ़ती अनिश्चितताओं को ध्यान में रखते हुए रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती करते हुए इसे 6% कर दिया है.

♦साथ ही, वित्त वर्ष 2026 के लिए विकास दर का पूर्वानुमान 6.7% से घटाकर 6.5% कर दिया गया है.

♦आरबीआई गवर्नर ने आगाह किया कि नए टैरिफ उपायों से देश की आर्थिक वृद्धि और निर्यात प्रभावित हो सकते हैं,

**Today, Quiz:**

**Q.राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) की पुरस्कार समिति द्वारा वर्ष 2024-25 के पुरुष वर्ग के लिए हनुमंत सिंह अवॉर्ड (सीनियर वर्ग) में किसे चुना गया है?**

(a) पंकज सिंह

(b) दीपक चाहर

(c) महिपाल लोमरोर

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine